उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.09.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपदीय पुलिस के अधिकारियों के साथ आयोजित की गयी परिचयात्मक गोष्ठी।

अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु दिये आवश्यक निर्देश, व्यावहारिक बुद्धि (समझ), मेहनत, नीयत एवं व्यवहार का दिया मंत्र-

नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद महोबा में आगमन के उपरान्त आज दिनांक 14.09.2024 को जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, शाखा प्रभारियों, चौकी प्रभारियों के साथ परिचयात्मक गोष्ठी का आयोजित किया गया।।

गोष्ठी के दौरान सर्वप्रथम नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा अपना परिचय दिया गया इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी थाना, शाखा एवं चौकी प्रभारियों द्वारा अपना परिचय दिया गया साथ ही अपने कार्यक्षेत्र के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही अपराध से सम्बन्धित विभिन्न चुनौतियों, अपराधियों की वर्तमान स्थिति, संवेदनशीलता की स्थिति, भौगोलिक स्थिति के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई।

गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यावहारिक बुद्धि (समझ), मेहनत, नीयत एवं व्यवहार का मंत्र देते हुए निर्देशित किया गया कि आमजनमानस के साथ मधुर व्यवहार किया जाये, सभी की समस्या को गम्भीरता पूर्वक सुनकर निस्तारण करें, सभी के साथ न्यायपूर्ण कार्यवाही की जाये, किसी निर्दोष को परेशान न किया जाये अपराधी को बख्सा न जाये। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में घटना होने पर जिम्मेदारी तय की जायेगी, कोई लापरवारी क्षम्य नहीं होगी। अपराध की घटना होने पर तत्काल कार्यवाही की जाये।।

सभी अधिकारीगण अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहें, संवेदनशील रहें। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिवस जनसुनवाई की जाये इस दौरान प्राप्त शिकायत पर मौके पर पहुंचकर घटना की तथ्यात्मक जानकारी करते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये याद रखे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना आपकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिये, किसी भी पीड़ित से गलत व्यवहार की सूचना प्राप्त होने पर कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहतर कम्यूनिकेशन स्थापित रहे, अपराध पर प्रभावी कार्यवाही करते हुये अपराध/अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करके अपराध पर अंकुश लगायें। किसी भी तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त होने की प्रमाणिक सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

सभी को निर्देशित किया कि सभी अपने अधीनस्थ नियुक्त कर्मचारियों से अच्छा व्यवहार करें इसके लिये लगातार थानास्तर पर सैनिक सम्मेलन आयोजित कर समस्याओं का समाधान प्रत्येक दशा में करना सुनिश्चित करें। थाने में महत्वपूर्ण अभिलेखों का बेहतर रखरखाव एवं उनको अपडेट रखना, थाना परिसर की साफ-सफाई की स्थिति में और अधिक सुधार लाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

आगामी बरावफात एव प्रचलित गणेश उत्सव पर्व के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत जुलूस मार्गों का भ्रमण कर भौतिक सत्यापन कर लें, बारावफात में निकलने वाले जुलूस के दृष्टिगत सभी प्वाइंटों में व्यापक पुलिस प्रबन्ध कर लिया जाये, सभी धर्मगुरुओं से संवाद बनाये रखें, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा व उनके सुगम यातायात हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध कर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखते हुये पर्व को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौंड, अभियोजन अधिकारी कृष्णपाल सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक सन्तोष दुबे, प्रधान लिपिक शशि तोमर, सीए जाकिर हुसैन, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित जनपदीय पुलिस के समस्त थाना, शाखा, चौकी प्रभारी सहित शाखाओं के अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 14.09.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर एरिया डोमिनेशन किया गया, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 14.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल द्वारा प्रचलित गणेशोत्सव पर्व, बारावफात एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर एरिया डोमिनेशन कर स्थानीय लोगों को सुरक्षित परिवेश का बोध कराया गया।

इस दौरान गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं बारावफात के जुलूस हेतु प्रस्तावित मार्ग, मिश्रित आबादी एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों सहित प्रतिमा विसर्जन स्थल कीरत सागर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा गया, साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों का चिन्हाकन करते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया कि बारावफात में चलने वाले जुलूस के संबंध में जुलूस के संयोजकों से संवाद बनाये रखे एवं मार्ग में आवश्यक पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित करते हुए अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखते हुये पर्व को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न करायें।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्र0नि0 कोतवाली नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्र0नि0 कबरई नागेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ/प्रभारी मीडिया सेल अरविन्द सिंह गौर सहित थाना कोतवाली नगर महोबा में तैनात अधि./कर्म. सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

@MahobaPolice